सन्देश

"शिक्षा समर्पित शिक्षकों, प्रेरित छात्रों और उत्साही माता-पिता के बीच उच्च उम्मीदों के साथ एक साझा प्रतिबद्धता है।"

- बॉब ब्यूप्रेज़

केन्द्रीय विद्यालय संगठन एक अद्वितीय संस्थान है जो स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकसित परिदृश्यों की चुनौतियों का सामना करने,अपने शिक्षकों के उत्थान एवं उन्नयन को सुनिश्चित करने तथा शैक्षिक नवाचार के माध्यम से अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से प्रयासरत रहता है | केन्द्रीय विद्यालय संगठन के पास विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा प्रदान करने की एक समृद्ध विरासत है, जो न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता अपितु चरित्र निर्माण, सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना पर भी केंद्रित है।

विद्यार्थियों के सुदृढ़ एवं उज्ज्वल भविष्य सृजन के हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में शिक्षकवृंद, कर्मचारी सदस्य और अभिभावकगण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के बहुआयामी विकास का मार्ग प्रशस्त कर उसे समग्रता की ओर उन्मुख करने हेतु निरंतर प्रयासरत है | हमें वांछित लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर सार्थक प्रयास करना है। मुझे विश्वास है कि सभी समर्पित सदस्यों के संयुक्त प्रयासों और अपने संरक्षकों के आशीष से हम अपने विद्यार्थियों को उन्नति के शिखर पर स्थापित करने के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे ।

मैं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की संभावनाओं और अवसरों को लेकर उत्साहित हूं और आप सभी के साथ मिलकर काम करने के लिए आशावान हूँ । आइए ! हम अपने सम्मानित केन्द्रीय विद्यालय संगठन की सेवा करने में तत्पर रहकर, इसे व अपने संभाग को उत्कृष्टता की सर्वोच्च ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए लगन से काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करें |

सभी विद्यार्थियों, शिक्षकवृंद एवं अभिभावकगण को हृदय की गहराईयों से उज्जवल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनायें |

(प्रीति सक्सेना)
उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
चंडीगढ़ संभाग